
## ट्रक-डंपर की भिड़ंत से लगा जाम

### गाडरवारा-तेंदुखेड़ा मार्ग घंटों रहा बंद, लोग हुए परेशान



**गाडरवारा, देशष्धु।** गाडरवारा के समीप दो ट्रकों और डंपर की भिड़ंत भामा के पास आमने-सामने की टक्कर में एक ड्राइवर घायल हो गया तथा 4 घंटे तक जाम लगा रहा।

बताया जाता हैं कि भामा गांव में रविवार सुबह करीब 11 बजे गाडरवारा और तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग के बीच फ्लाई ऐश से भरे दो लोडेड ट्रकों और एक डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में आलू से भरे एक ट्रक का चालक घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया।

आपस में टकराए तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सड़क पर फैले मलबे और वाहनों के सामान के कारण स्टेट हाईवे पर घंटों यातायात पूरी तरह बाधित रहा। दोनों दिशाओं में कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्लाई ऐश और आलू से भरे ट्रकों की टर्निंग पॉइंट पर आमने-सामने भिड़ंत हुई। इसमें आलू भरे ट्रक के चालक को चोटें आई हैं और उसे तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त थानों की समीक्षा बैठक ली

### कानून-व्यवस्था और जिले में पंजीबद्ध गम्भीर अपराधों की समीक्षा की

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम नरसिंहपुर में जिले के समस्त थानों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया सहित सभी अनुभागों के एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, चैकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुये। उक्त बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा थानावार अपराधों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान प्रत्येक थाने द्वारा की जा रही कार्यवाही को देखा, जिन्होंनें अच्छा काम किया उनकी सराहना की गयी और जहां पर भी कमी पाई गयी उसके लिये अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अपराध नियंत्रण एवं बेहतर पुलिसिंग के लिये निम्नांकित दिशा-निर्देश दिये गये कि गंभीर अपराधों




### लंबित प्रकरण, अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिए दिशा-निर्देश

पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर समय-सीमा में विवेचना व निराकरण सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्रों में संगठित अपराधों पर कड़ा अंकुश लगाते हुए सभी लंबित प्रकरण शीघ्र निराकृत करें। पूर्व अपराधियों का अद्यतन डेटा एवं डोजियर तैयार रखकर उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें तथा समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। आयोगों, वरिष्ठ कार्यालय एवं थाना स्तर से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें; शिकायतें अनावश्यक लंबित न रखें। अपहृत एवं गुम बालक/बालिकाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता देकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। क्षेत्र में गुंडे-बदमाशों एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु सतत पेट्रोलिंग, नाइट गश्त और सघन चेकिंग जारी रखें तथा दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करें।दुकानों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों में जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरों की स्थापना हेतु प्रेरित करें। समीक्षा बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि सभी थाना प्रभारियों द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। साथ ही अपराध-पतासाजी व उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचकों को पुरस्कृत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

## सार-समाचार



### कोरी समाज ने मनाई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कोरी समाज 22 नवंवर को बड़े ही ऐतिहासिक और गौरवशाली दिवस के रुप में समाज की महानायिका स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना झलकारी जी की जयंती आयोजित करता है। इसी क्रम में इस वर्ष झलकारी जयंती का आयोजन स्थानीय उत्सव भवन यादव कालोनी नरसिंहपुर में जिला कोरी समाज समिति नरसिंहपुर के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिले से आये समस्त सामाजिक बंधुओ द्वारा झलकारीबाई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया और उपस्थित मातृशक्तियों ने जय झलकारी -जय कोरी समाज के जयकारों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वक्ताओं ने वीरांगना झलकारी जी के जीवन परिचय,इतिहास और देश के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के विषय में विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में समाज के वोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पिछले वर्ष के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें सिंगपुर,कल्यानपुर,गाडरवारा के छात्रों की संख्या अधिक रही।उसके बाद पी सी शाक्या एलआईसी अधिकारी,हीरालाल कोरी वरिष्ठ अधिवक्ता,पी एस बुनकर पूर्व प्रधानपाठक,सोमराज कोरी समाजसेवी एवं लाइफ कोच धनीराम कोरी ने भी उद्बोधन दिया । जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कोरी ने नरसिंहपुर नगर में झलकारी जी की प्रतिमा लगवाने की बात कही,जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्तियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।राजेश कोरी शिक्षक एवं नवलकिशोर कोरी बैंक अधिकारी द्वारा सभी का आत्मीय आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में अर्जुन ठेकेदार,नोनीलाल कोरी,राकेश कोरी, हरप्रसाद जनशिक्षक, डोरीलाल, सुनील कोरी,गोमती कोरी शिक्षिका,कौशल कोरी शिक्षिका,कमलकांत कोरी,महेन्द्र कोरी की उपस्थिति प्रमुख रही ।

### निगरानी समिति की बैठक आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार 24 नवंबर को प्रात: 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### ब्यौहारी में हार्वेस्टर ऑपरेटर की संदिग्ध मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी में धान की कटाई के दौरान एक हार्वेस्टर ऑपरेटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना आखेटपुर गांव में हुई। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक हार्वेस्टर ऑपरेटर सीधी जिले के मझौली का निवासी था। वह ब्यौहारी के आखेटपुर गांव में धान कटाई और गहाई के काम के लिए आया था। खेत में काम करते समय उसे अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठा रहे ऑटो चालक, जिम्मेदार मौन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बच्चे को बेहतर शिक्षा दिलवाने की होड़ में उनकी सुरक्षा की तरफ न तो पुलिस और न ही अभिभावकों और स्कूलों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए वाहनों की सुविधा देने के चक्कर में सभी उनके जीवन को खतरे में डाल देते हैं। नगर में भी कुछ ऐसा ही मंजर रोज देखने को मिलता है, जहां पर मारुती वैन, टाटा मैजिक, ऑटो में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। इनमें अधिकतर निजी वाहन हैं। ओवरलोडिंग पुलिस की नाक के नीचे हो रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती।

बच्चों को स्कूल लाने और वापस घर छोड़ने के लिए लगाई अधिकतर वाहन निजी नंबर के हैं व उनका कोई टैक्सी परमिट भी नहीं है। ऐसे में सरकार को हर महीनों हजारों रुपयों का चुना भी लग रहा है। नगर में ही निजी नंबर के वाहन बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के काम में लगाए गए हैं। खास बात यह है कि अभिभावकों को भी यह जानकारी है कि उनका बेटा वाहन पर लटककर जाता है। इसके बाद भी वे ध्यान नहीं देते हैं।

**पुलिस और परिवहन विभाग नहीं करता कार्रवाई-**

नगर में स्थित एक दर्जन स्कूलों में लगे 20 से ज्यादा स्कूल वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जाता है। इन वाहनों की कभी भी न तो पुलिस चैकिंग करती है और न ही परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है। परिवहन विभाग तो वर्षों से नगर में दिखाई नहीं दिया। यही वजह है कि स्कूली वाहन संचालक मनमानी कर बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

**आठ सीटर गाड़ी में 15 से अधिक बच्चे बैठाते हैं-** स्कूल जाने और ले जाने के लिए लगाई गई वैनों में बच्चों की दशा देखकर किसी का भी मन पसीज जाएगा। जिस वैन में आठ लोगों के बैठने की जगह है, उनमें पंद्रह से अधिक बच्चों को ठूंसा जाता है। साथ में उनके स्कूल बैग भी होते हैं, जिन्हें या तो गाड़ी के ऊपर रख देते हैं या बच्चों को हाथ में पकड़ कर बैठना पड़ता है। यह सब कुछ स्कूल प्रबंधन के सामने होता है, लेकिन शायद ही कभी किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया हो। बच्चे स्कूल वाहनों के पीछे और दाएं व बांय लटककर जाते हैं।

**बच्चे कम तो रेट ज्यादा**

अभिभावकों की मानें तो उन्होंने इसे लेकर कई बार ऑटो के मालिकों से बात करने की कोशिश भी की, लेकिन वे इस स्थिति में किराया बढ़ाने की बात करते हैं। अब ऐसे में उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है। जब बच्चे की सुविधा के लिए वैन में भीड़ कम करने को कहते हैं तो वे डबल किराए की मांग करते हैं।

**हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी**

हाईकोर्ट के सख्त आदेश हैं कि ऑटो में तीन वयस्क या पांच बच्चों से अधिक नहीं बैठाए जाएं, लेकिन शहर की हर सड़क पर इस आदेश की अवहलेना हो रही है। स्कूली बच्चों को ऑटो में लगभग ठूंस-ठूंस कर भरा जाता है। ऐसा भी नहीं है कि ये ऑटो सिर्फ शहर की तंग गलियों वाले रहवासी क्षेत्रों में ही चल रहे हों, ये तो धड़ल्ले से मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल तक पहुंचते हैं। इन मार्गों-चौराहों में यातायात सुरक्षा के नुमाइंदे सब देखने के बाद भी कार्यवाई करना तो दूर नसीहत या चेतावनी देने तक की जहमत नहीं उठाते। बच्चों को लाने ले जाने वाले ऑटो रिक्शा स्कूल छूटने के बाद आम सवारियों को ढोते हैं, इन्हें पुलिस कर्मियों की जानकारी रहती है और कर्मी इन ऑटो चालकों को मनमानी की छूट दिए हुए हैं।

**पुलिस की चुप्पी**

इधर बच्चों की हालत पर पुलिस को भी तरस नहीं आता। कुछ दिनों तक चालानी कार्रवाई के बाद एकदम से अधिकारी शांत बैठ जाते हैं। फिर बाद में यह देखने का प्रयास भी नहीं करते कि ऑटो पर कितने बच्चे बैठाए जा रहे हैं। यदि समय-समय पर कार्रवाई होती रहे तो ऑटो चालकों की मनमानी पर लगाम कस सकती है।

**अभिभावकों से छुपाते हैं**

इधर एक बात यह भी सामने आई है कि चालक अभिभावकों से आंखें बचाकर बच्चों को ऑटो में लादते हैं। सबसे पहले उस घर से शुरूआत करते हैं, जो दूर होता है और उन्हें ऑटो घर के सामने तक ले जाना पड़ता है। इस तरह माता-पिता की आंखों की सामने बच्चों को आराम से बैठा देते हैं। वहीं आखिरी के बच्चों के लिए ऐसे घर का चुनाव करते हैं, जहां ऑटो घर से थोड़ी दूरी पर खड़ा किया जाता है, ताकि अभिभावक यह देख ही न पाएं कि बच्चे किस अवस्था में बैठते हैं।

## एसआईआर के कार्य में लापरवाही बरतने पर बकोरी के बीएलओ तिवारी निलंबित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना और अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में अरूचि प्रकट करने पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 118 गोटेगांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 185 बकोरी के बूथ लेवल ऑफिसर प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला भालपानी दिलीप तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में दिलीप तिवारी का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर नियत किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जारी आदेश के अनुसार श्री तिवारी का कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत प्रतिकूल पाए जाने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## बारात ने लगाया जाम, एम्बुलेंस फंसी

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में शनिवार रात स्टेट हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हार्ट पेशेंट को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस गई। ये जाम मैरिज गार्डनों में जा रही बारात और मेहमानों के कारण लगा। यहां पार्किंग नहीं होने के चलते स्थिति बिगड़ गई। पुलिस ने 6 मैरिज गार्डन संचालकों परं एफआईआर दर्ज किया है। दरअसल, शनिवार रात अधिक शादियां होने के कारण सभी मैरिज गार्डन बुक थे। यहां पहुंचने वाले मेहमानों ने अपने वाहन सड़क पर खड़े कर दिए थे, जिससे दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और हाईवे पूरी तरह बंद हो गया। जाम में फंसे लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें वे कह रहे हैं - जाम से बहुत बुरे हालात थे। यहां पर तीन एम्बुलेंस फंसी हुई थीं। इनमें से एक में हार्ट पेशेंट था। उसे अटैक आया था और दमोह से जबलपुर रेफर किया गया था।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि एवं किसानों की समस्याओं के समाधान के संबंध में हुई बैठक

### कृषि एवं किसानों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर हुई विस्तार से चर्चा



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं किसानों की समस्याओं के समाधान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं किसानों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह बैठक भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत, राष्ट्रवादी किसान आर्मी संघ, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष व सदस्यों के आयोजित की गई। बैठक में फसल बीमा योजना एवं आरबीसी 6-4 के तहत क्षतिपूर्ति की राशि किसानों को दिलाने और जिले में उर्वरक यूरिया एवं डीएपी की उपलब्धता एवं जिले में प्राप्त होने वाली रैक की जानकारी मांगी गई। इस पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने उप संचालक कृषि नरसिंहपुर को निर्देशित किया कि जिले में उर्वरक यूरिया एवं डीएपी की उपलब्धता और जिले में प्राप्त होने वाली उर्वरक रैक की जानकारी किसान संघों को प्रस्तुत की जाए। साथ ही उक्त जानकारी सोशल मीडिया में प्रसारित की जाए। उन्होंने प्रबंधक एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी भोपाल से समन्वय स्थापित कर किसानों को फसल बीमा की राशि नियमानुसार दिलाई जाए। जिला फसल बीमा के नोडल अधिकारी का मोबाईल नम्बर प्रदाय किया जाए, जिससे किसानों को बीमा का लाभ प्राप्त करने के लिए सूचना दी जा सके।

बैठक में शुगर मिलों के द्वारा प्रति क्विंटल गन्ना का मूल्य बढ़ाने और रिकव्हरी के आधार पर किसानों को उचित मूल्य दिलाने की मांग की गई। इस पर कलेक्टर ने सहायक संचालक कृषि (गन्ना) को निर्देशित किया कि गन्ना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 14 दिवस के भीतर गन्ना किसानों को उनके गन्ने का भुगतान प्राप्त हो। रिकव्हरी की जांच कृषक प्रतिनिधि की मौजूदगी में की जावे। कृषकों को गन्ना विक्रय के समय एसएमएस और पर्ची वितरण की जाए। मिलों के गेट पर डिस्प्ले सिस्टम लगाया जाए, जिससे किसानों को दिनांक एवं समय की जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी किसान संघों के अध्यक्षों द्वारा मांग की गई बिंदुवार जानकारी शुगर मिल प्रबंधकों को भी अवगत कराएं और पालन उसका पालन कराएं। इसके इलावा शुगर मिलों में तुलाई काटे की जांच कृषक प्रतिनिधियों के समक्ष कराई जाये। साथ ही नापतौल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तौल- काटे की रैंडम जॉच की जाए। कलेक्टर ने नोडल मंडी सचिव को समर्थन मूल्य पर खरीदी करने एवं समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय न हो, इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन के कार्य की प्रगति का लिया जायजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के भ्रमण के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन और गणना फार्मों के डिजिटाइजेशन के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने



एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन के कार्य में कम प्रगति लाने वाले बीएलओ और सहायक दल से चर्चा करते हुए कहा कि इसे प्राथमिकता में लेते हुए शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करें। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 204 व 205 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड भटिया टोला और मतदान केन्द्र क्रमांक 21 कामथ वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से भी चर्चा कर कहा कि वे एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन कराएं, जहां समझ में नही आता है वहां संबंधित बीएलओ से बात भी करें। उन्होंने नगर पालिका के सभागार में गणना पत्रकों के ऑनलाइन फीडिंग कार्य का भी अवलोकन किया और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए